प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

06.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश के तीन बाल देखभाल संस्थानों में रह रहे 52 चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट को एक विशेष शैक्षणिक भ्रमण पर आज शिमला से रवाना किया। मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत ये बच्चे 15 जनवरी तक देश के विभिन्न शहरों और ऐतिहासिक, सांस्कृतिक व शैक्षणिक स्थलों का भ्रमण करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा इन बच्चों को यात्रा करवाने का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक विरासत, आधुनिक बुनियादी ढांचे और शैक्षणिक संस्थानों से परिचित करवाना है। यात्रा कार्यक्रम के तहत ये बच्चे चंडीगढ़– दिल्ली– आगरा– गोवा– चंडीगढ़ का भ्रमण करेंगे। इस दौरान बच्चों को विभिन्न आधुनिक परिवहन साधनों का अनुभव भी करवाया जाएगा।

मुख्यमंत्री

प्रदेश सरकार द्वारा राज्य विद्युत् बोर्ड लिमेटिड में कई डिजिटल और प्रशासनिक सुधार किए गए हैं जो राज्य सरकार की व्यवस्था परिवर्तन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने शिमला में कहा कि पारदर्शी ख़रीद प्रक्रिया अपनाने और मंहगी आउटसोर्सिंग पर निर्भरता कम करने से एचपीएसइबीएल के बिजली बिलिंग और एंटरप्राइज रिर्सोस प्लानिंग सहायता सेवाओं पर होने वाला खर्च 46 प्रतिशत तक कम हुआ है। इन सेवाओं पर वार्षिक खर्च 12 करोड़ .29 लाख रुपये से घटकर 6 करोड़ 68 लाख रुपये रह गया है। इन सुधारों से प्रतिवर्ष लगभग 5 करोड़ 61 लाख रुपये की सीधी बचत होगी।

अग्निहोत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश सरकार राज्य पथ परिवहन निगम को ई–मोबिलिटी की दिशा में सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत्त है। उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में एचआरटीसी के बेड़े में 2 सौ 97 नई इलेक्ट्रिक बसें शामिल की जा रही हैं। अग्निहोत्री ने कहा कि पहली प्रोटोटाइप इलेक्ट्रिक बस हैदराबाद से सोलन पहुंच गई हैं और आगामी दो दिनों में सोलन–शिमला मार्ग पर इस ई–बस का ट्रायल किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि ट्रायल के बाद प्रदेश के अन्य मार्गों और एचआरटीसी के विभिन्न डीपुओं में भी चरणबद्ध ढंग से इलेक्ट्रिक बसों के ट्रायल शुरू किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रिक बसों के सुचारू संचालन को लेकर प्रदेश भर में चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर भी विकसित किया जा रहा है।

शिविर

फसलों में कीटव्याधी की समस्या के निपटारे के बारे में कृषि उद्यान विभाग के अधिकारियों को जागरूक करने के उद्देश्य से आज सोलन में एक माह का प्रशिक्षण शिविर आरंभ हुआ। शिविर का शुभारंभ भारत सरकार में वनस्पति संरक्षण सलाहकार जे.पी. सिंह ने किया। केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में प्रदेश के 11 जिलों के कृषि व उद्यान विभाग के अधिकारी हिस्सा ले रहे हैं। इस अवसर पर जे.पी. सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर के दौरान फसलों में अत्याधिक दवाओं के छिड़काव से बढ़ रही बीमारियों के निदान के बारे में जानकारी दी जाएगी।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम आमतौर पर साफ रहा, मगर ठंडी हवाएं चलने और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर बाद दोपहर हल्की बर्फबारी होने से ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। प्रदेश के कई स्थानों पर न्यूनतम तापमान शून्य के आसपास दर्ज किया जा रहा है और मैदानी क्षेत्रों में सुबह शाम कोहरा पड़ने से शीतलहर जारी है। हालांकि दिन के समय धूप खिलने से ठण्ड से कुछ राहत मिल रही है। चंबा जिला की ऊंची पर्वत श्रृंखलाओं में हो रही बर्फबारी व अन्य क्षेत्रों में बारिश को सेब सहित अन्य फसलों के लिए फायदेमंद माना जा रहा है। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी का अनुमान जताया है वहीं, निचले व मैदानी क्षेत्रों में अगले 24 घंटों में घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है।

———————————————————————————